पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), E.mial.- academicprsu@gmail.com

क्रमांक: 2355 /अका./2015 रायपुर, दिनांक: 03/01/2015

।। अधिसूचना ।।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर परिक्षेत्र में सर्वधर्म समभाव विचाराधारा के अंतर्गत धर्मनिरपेक्ष तथा गैर राजनीतिक समाजसेवी संस्थाओं के विगत वर्ष में किये गये महत्वपूर्ण समाजसेवा में योगदान के लिए विनियम क्रमांक 89(ए) के अंतर्गत **स्वामी आत्मानंद** स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाना है। ऐसे संस्थाओं एवं समाजसेवी के आवेदन **दिनांक** 30.1.15 तक आमंत्रित है। विनियम क्रमांक 89(ए) की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट *www.prsu.ac.in* में उपलब्ध है।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृ. क्रमांक: 2356 /अका./2015 रायपुर, दिनांक: 03/01/2015

प्रतिलिपि :

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, पं.र.शु.वि रायपुर को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्रों को समाचार के रूप में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित करने का कृपया कष्ट करें।
2. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.र.शु.वि.वि. रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

उप कुलसचिव (अका.)

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़)

:: अधिसूचना ::

क्रमांक : 1067/अका./2005 रायपुर, दिनांक : 11/05/2005

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर कार्य परिषद की दिनांक 12.04.2005 को सम्पन्न बैठक में विनियम क्रमांक 89 (ए) 'स्वामी आत्मानन्द स्मृति चिन्ह' में निम्नानुसार संशोधन को अनुमोदन प्रदान किया गया है :–

01. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर परिक्षेत्र में सर्वधर्म समभाव विचारधारा के अंतर्गत धर्मनिरपेक्ष तथा गैर राजनीतिक समाजसेवी संस्थाओं के विगत वर्ष में किये गये महत्वपूर्ण समाजसेवा योगदान हेतु विश्वविद्यालय की एक परामर्श समिति गठित होगी जो निम्नानुसार होगी :–

A.	कुलपति	–	अध्यक्ष
B.	सचिव, रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द आश्रम, रायपुर अथवा उनके नामित प्रतिनिधि	–	सदस्य
C.	कुलपति द्वारा मनोनीत दो अन्य सदस्य	–	सदस्य
D.	कुलसचिव	–	सदस्य सचिव

02. समिति प्रत्येक वर्ष, वर्षान्त तक विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं/व्यक्ति के उस वर्ष के कार्यकलापों की विवेचना कर सर्वोत्कृष्ठ संस्था/ व्यक्ति का चयन कर कुलपति को अपनी संस्तुति देगी ।

03. कुलपति उस संस्तुति पर अपना निर्णय ले, प्रति वर्ष 12 जनवरी को अथवा कार्य परिषद द्वारा निर्धारित तिथि को चयनित समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष को आमंत्रित कर "स्वामी आत्मानन्द स्मृति चिन्ह" एक 42" x 36" के रजत शील्ड एवं सम्मान/ प्रशंसा पत्र प्रदान करेंगे ।

(के. के. चन्द्राकर)
कुलसचिव

पृ. क्रमांक : 1068/अका./2005 रायपुर, दिनांक : 11/05/2005

प्रतिलिपि :–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, छत्तीसगढ़, रायपुर ।
2. परामर्श समिति के सदस्यों को ।
3. समस्त विभाग प्रमुख,
4. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

कुलसचिव